मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 41 ■ अंक : 270 ■ बुधवार, 24 जनवरी 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

बॉयफ्रेंड संग लीक हुईं अनन्या पांडे की तस्वीरें

## क्राइम डायरी...

### कैम्प-2 से सीबी शाइन बाइक चोरी

**उल्हासनगर.** हनुमान नगर, उल्हासनगर-2 से एक सीबी शाइन बाइक चोरी हो गई, जिसकी कीमत 50 हजार रुपए है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनमोल लल्लन यादव (21) नई बस्ती, दुर्गा माता मंदिj के पीछे, हनुमान नगर, उल्हासनगर-2 में रहता है. उसने अपनी होंडा सीबी शान बाइक अपने घर के पास ही खड़ी की थी. जहां से 19 जनवरी की रात 12.40 बजे से सुबह 6 बजे के दरम्यान बाइक चोरी हो गई. बाइक का नंबर एमएच 05 डीडब्ल्यू 8496 है और कीमत 50 हजार रुपए है. उल्हासनगर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक निकिता भोईगड मामले की जांच कर रही हैं.

# 16 अप्रैल को लोकसभा चुनाव ?

■ चुनाव आयोग का पत्र वायरल
■ केंद्रीय चुनाव आयोग ने दिया स्पष्टीकरण

करन बोधा

**उल्हासनगर.** आगामी लोकसभा चुनाव बस कुछ ही महीने दूर हैं। इसके लिए सभी राजनीतिक दल काम में जुट गए हैं और विभिन्न कार्यक्रमों, सभाओं और सम्मेलनों के जरिए कार्यकर्ताओं को काम करने का आदेश दे रहे हैं. वहीं 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों राम लला को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में विराजमान किया गया. इसलिए राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा शुरू हो गई है कि इस समारोह के जरिए बीजेपी ने लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया है. इस बीच दिल्ली चुनाव आयोग की ओर से जारी पत्र के मुताबिक, आगामी लोकसभा चुनाव 16 अप्रैल को होने की चर्चा सोशल मीडिया पर वायरल है. अब उस पर दिल्ली चुनाव आयोग ने सफाई दी है.

आगामी लोकसभा पर सभी राजनीतिक दलों और आम जनता की भी नजर है. इस बीच दिल्ली चुनाव आयोग का एक सर्कुलर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इसमें आगामी लोकसभा चुनाव की संभावित तारीख 16 अप्रैल 2024 बताई गई है. इसलिए, पत्रकारों सहित सभी को आश्चर्य हुआ कि क्या चुनाव की तारीख 16 अप्रैल 2024 तय की गई थी। इस पर अब दिल्ली चुनाव आयोग ने ट्वीट कर सफाई दी है.




दिल्ली चुनाव आयोग के 16 अप्रैल को होने वाले पत्र पर पत्रकार लगातार लोकसभा चुनाव की तारीख के बारे में पूछ रहे हैं. जवाब में दिल्ली चुनाव आयोग ने इस बात से साफ इनकार कर दिया है. साथ ही केंद्रीय चुनाव आयोग की चुनावी योजनाओं को लेकर कार्यक्रम की तैयारी के सिलसिले में ही इस तारीख का जिक्र किया गया है. इसलिए इस पत्र को लेकर जो भ्रम पैदा हुआ था उसे दिल्ली चुनाव आयोग ने दूर कर दिया है.

इस बीच, चुनाव आयोग को संयुक्त लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए नई ईवीएम मशीनें खरीदने के लिए 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। ईवीएम का उपयोगी जीवन 15 वर्ष है। अतः इस मशीन का उपयोग केवल तीन बार ही किया जा सकता है। इस साल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देशभर में 11.80 लाख मतदान केंद्र बनाए जाने की जरूरत है। इसलिए, लोकसभा व विधानसभा के एक साथ चुनाव की स्थिति में प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो ईवीएम मशीनों की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही कुछ त्रुटियों के लिए 'कंट्रोल यूनिट' (CU), 'बैलट यूनिट' (BU) और 'वोटर-वेरिफ़िएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (VVPAT) मशीनों की भी आवश्यकता होती है।

# फायरिंग की खबर पक्की





■ अंबरनाथ में गावठी कट्टे के साथ 2 गिरफ्तार
■ दोनों ने बाइक सवारी करते संजय जाधव पर किया था फायर
■ पहले पुलिस ने जब्त की थी मैगजिन

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस ने तीन दिनों पूर्व वांद्रा पाड़ा में हुई फायरिंग में 2 आरोपियों को गावठी पिस्टल के साथ गिरफ्तार करके उन पर दफा 307 के साथ शस्त्र अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है.

विदित हो कि दो दिनों पूर्व 'उल्हास विकास' ने ये खबर प्रकाशित की थी कि अंबरनाथ में संजय जाधव नामक व्यक्ति पर एक फायर किया गया है. ये खबर सच निकली है. वेथल चर्च वांद्रा पाड़ा निवासी एवं सावकारी का धंधा करनेवाले संजय जाधव पर 18 जनवरी गुरुवार की रात में फायर करके उन्हें जान से मारने का प्रयास करनेवाले निशांत खिच्ची और राहुल कुडिया को पुलिस ने पकड़कर उनके पास से गावठी कट्टा भी बरामद कर लिया है. संजय को कुछ पता नहीं चल पा रहा था कि उन पर फायर हुआ है. वह उस रात वांद्रा पाड़ा में उनके दोस्त महेंद्र भोईर के घर के समक्ष बैठकर रिक्शा भाड़े एवं व्याज पर दिए पैसे का हिसाब-किताब कर रहे थे. इस बीच बाइक पर बैठक ट्रिपल सवार में से एक ने उन पर एक गोली चलाई और हनुमान मंदिर की तरफ जाते समय बीच में बैठे राहुल के हाथ से पांच गोलियों से भरा मैगजिन गिर गया. वह संजय के दोस्त महेंद्र ने जाकर उठाया. थोड़ी देर के बाद अजय चलवादी नामक लड़के का फोन आया कि संजय तुम पर एक फायर हुआ है. तब वह पुलिस स्टेशन गए और पुलिस को सारी हकीकत बताकर पुलिस के हाथों मैगजिन जब्त कराया. पुलिस ने अजय को गिरफ्तार करके पूछताछ करने पर निशांत खिच्ची और राहुल कुडिया को गिरफ्तार करके उन पर दफा 307, 34, 37(1), 135, 3 शस्त्र अधिनियम की धारा 25 और 35 के अनुसार अपराध दर्ज किया है.

आरोपी निशांत खिच्ची को शक था कि उनके पिता नवीन खिच्ची ने संजय जाधव को पैसा दिया है. पहले संजय को घर बुलाकर पैसा मांगा नहीं देने पर उसकी जान लेने के इरादे से फायर किया. अंबरनाथ पुलिस ने गुप्तता से तफ्तीश करते हुए आरोपियों को तीन दिनों के भीतर पकड़ा है.

# जमानतदार की हत्या का प्रयास

■ तलवार व लोहे की रॉड से हमला
■ 2 आरोपी गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** कुछ दिनों पहले हुए झगड़े में आरोपी को जमानत देने से नाराज होकर 5-6 लोगों ने मिलकर जमानतदार पर तलवार व लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर उसकी हत्या का प्रयास किया. इस हमले में फिर्यादी की बेटियों को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लखन मोहन पाटील उर्फ वासवानी द्वारा आरोपी दिनकर फुंदे पर हुए पूर्व में हुए हमले के बाद फिर्यादी प्रमोद श्यामसुंदर अग्रवाल ने जमानत दी थी. इस बात से नाराज आरोपी दिनकर फुंडे ने आपराधिक षडयंत्र रचकर उसकी पत्नी ज्योति फुंदे, मुलगा शिवम फुंडे, उसका मित्र प्रथमेष व इतर 2 अज्ञात लोगों ने मिलकर फिर्यादी व जमानतदार मुकेश श्यामसुंदर अगरवाल पर जानलेवा हमला कर दिया. आरोपियों ने मुकेश पर तलवार, रॉड, तसेच अन्य प्राणघातक हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर उसकी हत्या का प्रयास किया.

सोमवार की शाम को 8.15 बजे के करीब धोबीघाट रोड, शीतला माता मंदिर के पास, उल्हासनगर-1 में किए गए इस हमले में ज्योति फुंदे ने फिर्यादी की लड़की प्राप्ती व परिधी को पत्थर से मारकर जख्मी कर दिया. उल्हासनगर पुलिस ने भादंसं की धारा 307, 141, 143, 145, 147, 148, 149, 120 (ब), 337, 338, 504, 506 समेत आर्म्स ॲक्ट की धारा 4, 25 मपोका कलम 37(1), 135 के तहत अपराध दर्ज किया है.

### द्वारली गांव से 2 बच्चों का अपहरण

**उल्हासनगर.** हिललाइन पुलिस थाना अंतर्गत द्वारली गांव में रहनेवाली 15 लड़की व 10 साल के लड़के के अपहरण का मामला पुलिस थाने में दर्ज किया गया है. द्वारली गांव, गणेश मंदिर के पास विश्वकुंज नगर में रहने वाले अविनाश श्रीनिवास दास ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 21 जनवरी की शाम 7 बजे के करीब उनकी लड़की धनश्री अविनाश दास (15) व लड़का साईआशीष अविनाश दास (10) अपनी बड़ी बहन साईश्रद्धा को रिक्शा में बैठाने के लिए मेन रोड तक गए थे. उसे रिक्शा में बिठाने के बाद दोनों घर की ओर लौटे लेकिन घर तक नहीं पहुंचे. अविनाश दास ने आशंका व्यक्त की है कि दोनों का किसी ने अपहरण कर लिया है. हिललाइन पुलिस ने भादंसं की धारा 363 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है.

# बाघ समान खाल, पिस्तौल और कारतूस की तस्करी, 2 गिरफ्तार

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** कल्याण की अपराध शाखा ने बाघ जैसी दिखने वाली खाल, एक पिस्तौल और दो कारतूस की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर 42 लाख रुपये का माल बरामद किया है। अभियुक्तों के नाम सीताराम नेरपगार और बृजलाल पावरा बताया गए है, जो 40 लाख रुपये में इन सब वस्तुओं का सौदा करने के लिए आए थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों को 27 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है।



कल्याण क्राइम ब्रांच टीम के पुलिसकर्मी दत्ताराम भोसले को बाघ की खाल, पिस्तौल और कारतूस की तस्करी के लिए दो तस्कर आने वाले हैं, ऐसी गोपनीय सूचना मिली। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच के इंचार्ज नरेश पवार के मार्गदर्शन में संदीप चव्हाण, बालाराम शिंदे, जितेंद्र नवसारे, अनूप कामत, विनोद चन्ने, विलास कडु इत्यादि पुलिसकर्मियों की टीम ने कल्याण शीलरोड पर स्थित क्लासिक होटल की पार्किंग में जाल बिछाकर दो लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक सीताराम, जलगांव जिले का रहने वाला है जबकि बृजलाल, धुलिया जिले का रहने वाला है। उनके कब्जे से पुलिस ने 42 लाख का माल ज़ब्त किया है, जिसमें बाघ समान खाल, पिस्तौल, कारतूस और एक चार पहिया वाहन का भी समावेश है। बाघ की खाल कहां से लाई गई, इस विषय में पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल कल्याण न्यायालय ने दोनों को 27 जनवरी तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है।

# अंबरनाथ में राम भक्तों ने किया जल्लोष

■ पटाखे फोड़े गए, दीपोत्सव, रथयात्रा निकाली गई
■ जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर

उल्हास विकास संवाददाता




**अंबरनाथ.** अयोध्या में राममंदिर उद्घाटन एवं रामलला का प्राणप्रतिष्ठा होने के बाद शहर के कई स्थानों से जुलूस निकाल कर जश्न मनाया गया. ढोल ताशे बजाकर हाथ में झंडा लेकर जय श्रीराम के नारे लगाए गए. शहर के मुख्य रिक्शा स्टैंड पर बड़ा स्क्रीन लगाकर श्रीराम मंदिर उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बताया गया. रिक्शा यूनियन अध्यक्ष मिलिंद पाटिल, निवृत्ति कुचिक, कुमार मुदलियार ने स्टेज पर रखे श्रीराम के फोटो के समक्ष पूजा अर्चना की. उस समय सैकड़ों रिक्शा चालक उपस्थित थे. चालकों ने जय श्रीराम की घोषणा की. शहर पश्चिम के कोहोजगांव में रथ यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने सर पर कलश रखकर जय श्रीराम के नारे लगाए. बुवापाड़ा में भाजपा के हिरालाल गुप्ता द्वारा भी श्रीराम की पूजा अर्चना करके रथयात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ों उत्तर भारतीय समाज की महिलाओं, पुरुषों ने भाग लेकर जश्न मनाया. बुवा पाड़ा संघटन चौक पर स्व. राजाराम सामाजिक संस्था, संगठन ब्वाइज एवं अध्यक्ष सुरेश उर्फ मनोज सिंह, श्रुति सिंह द्वारा प्रभु श्रीराम की सजावट झांकी, भजन संध्या के बाद दीपोत्सव करके जश्न मनाया गया. शहर पूर्व में भी अनेक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जलसे, जुलूस निकाले गए. पूरे शहर में भगवा झंडे लहरा रहे थे. ज्यादातर वाहनों, रिक्शा पर भगवा झंडे लहरा रहे थे. सभी जश्न में डूबे थे. लोकल ट्रेनों से भीड़ नदारद थी. अंबरनाथ रेलवे स्टेशन पर सुबह के समय भीड़ रहती है. सोमवार को प्लेटफार्म पर यात्रियों की बिल्कुल भी भीड़ नहीं थी.



# सरकारी सेवा आम आदमी के काम आ सकती है -आर.डी. शिंदे

उल्हास विकास संवाददाता

**उल्हासनगर.** सत्ता में होने की सलाह डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की हमें दी थी। सरकारी सेवा जमीनी स्तर पर जरूरतमंद लोगों के लिए निश्चित रूप से उपयोगी हो सकती है। सामाजिक न्याय विभाग के पूर्व सचिव आर.डी. शिंदे ने उक्त विचार एक पुस्तक विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त की। पूर्व कलेक्टर न्या. वसंतराव गवई के पुस्तक विमोचन समारोह पाम रिसॉर्ट, रोशन पेट्रोल पंप के पास मुरबाड रोड कल्याण में आयोजित किया गया था। उस समय मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय विभाग के पूर्व सचिव आर.डी. शिंदे बोल रहे थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबेडकरी लेखक अर्जुन डांगले ने की.




शिंदे ने आगे कहा कि अभी भी हमारे समाज के कई काम बाकी हैं जो अन्यायकारक हैं. जो अधूरे काम हैं उन्हें पूरा करना है। इसके लिए आपको सत्ता में रहना होगा. कार्यक्रम के अध्यक्ष अर्जुन डांगले ने कहा कि 'पाषाणातील झरा' पुस्तक से अंबेडकरी को ऊर्जा मिलती है। डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के अनुसार इस पुस्तक में समाज के प्रति जो ऋण है, उसका वर्णन है. यही बाबा साहब के धम्म का सार है. किताब बहुत मूल्यवान है.

इस मौके पर प्रा. विजयकुमार रवि गवई, प्रा. शुक्राचार्य गायकवाड, शिवा इंगोले, कमलेश सोनाळे, रामचंद्र मोरे, प्रा.ना.तु.पोधे, रोहित साळवे, मालती सुखदेव गवई ने भी अपने विचार व्यक्त किए. प्रमुख अतिथि के रूप में बी. आर. वाढवे, एस.एस. ससाणे, कमलेश हल्ल सोनाळे, के. एस. ससाणे, दिपश्री माने-बलखंडे, जी.के. राऊत, प्रदिप ढोके, डॉ. चंद्रकांत साळवे, सुनिल पवार, अंजली साळवे, रोहीत साळवे आर.सी. रायबोले, आदी मान्यवर उपस्थित थे. इस मौके पर लेखक वसंतराव गवई व उनकी पत्नी शकुंतला गवई का मान्यवरों के हाथों सम्मान किया गया. कार्यक्रम का सूत्रसंचालन प्रफुल्ल केदारे ने किया.

# उल्हासनगर में जय श्रीराम की गूंज




■ भाजपा नेता प्रकाश माखीजा के वार्ड में सजी राममंदिर झांकी

**उल्हासनगर.** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया। उल्हासनगर शहर में भी दिवाली और शिवरात्रि जैसे त्यौहार का उत्सव लोगों ने धूमधाम से मनाया।

उल्हासनगर के प्रसिद्ध गोल मैदान में भी राम मंदिर का स्वरूप बनाया गया है जहां लोगों की भीड़ देखी गई। यहां पर भी मूर्ति स्थापना की गई। वहीं भाजपा नेता प्रकाश माखीजा ने अपने वार्ड में राम मंदिर की झांकी सजाई, जिसे देखने के लिए राम भक्तों की भारी भीड़ जमी हुई थी। इस उत्सव में श्री प्रकाश माखीजा ने अपने कार्यालय के बाहर भजन संध्या व महाप्रसाद का आयोजन भी किया। शहर में इसी तरह का उत्सव हरेक कोने में यह उत्सव देखा गया। सोमवार को कैम्प 1 से 5 तक पूरा शहर राम के आगमन में डूबा हुआ रहा। हर जगह जय श्री राम के नारों की गूंज के साथ लोगों ने दीप जलाकर दिवाली मनाई।

# वैगनार कार का शीशा तोड़कर स्क्रीन टैब चोरी



**अंबरनाथ.** वड़वली सेक्शन, अंबरनाथ पूर्व में खड़ी वैगनार कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोर कार में लगा स्क्रीन टैब चोरी कर लिया, जिसकी कीमत 40 हजार रुपए है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार समीर गोपाल हेरकल (27) वड़वली सेक्शन, अंबरनाथ पूर्व में रहते हैं. उन्होंने अपनी वैगनार कार (एमएच 05 एफजी 1378) वडवली सेक्शन, अंबरनाथ पूर्व में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने सड़क किनारे खड़ी की थी. 17 जनवरी रात 11.45 बजे से 22 जनवरी की दोपहर में 3.15 बजे के दरम्यान अज्ञात चोर ने कार का शीशा तोड़कर स्मार्ट प्ले स्टुडियो स्क्रीन टैब चोरी कर लिया. जिसकी कीमत 40 हजार रुपए है. शिवाजी नगर पुलिस ने भादंसं की धारा 379, 427 के तहत मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस हवलदार फड जांच कर रहे हैं.

# बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल का पहला वार्षिक उत्सव संपन्न

■ ठाणे जिले के संयुक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्राय कराले रहे मुख्य रूप से उपस्थित

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के पास कांबा गांव में स्थित बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल के पहले वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन सोमवार दिनांक 22 जनवरी को कल्याण के शिवाजी चौक परिसर स्थित आत्रे हॉल में किया गया था जो स्कूल के बच्चों व उनके परिजनों की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। प्राचीन भारत थीम के तहत बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा अशोक युग, छत्रपति शिवाजी महाराज युग, मुगल काल व अंग्रेजों के शासन के दौरान का भारत देश पर नाटक व नृत्य पेश किए गए।इस दौरान मुख्य रूप से ठाणे जिले के संयुक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्राय कराले व कल्याण के एसडीओ विश्वास गुजर उपस्थित थे।



सोमवार को आयोजित वार्षिक उत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई जिसके बाद वेलकम स्पीच व सॉंग के बाद बच्चों द्वारा गणेश वंदना व सांस्कृतिक प्रदर्शन किया। इसके बाद आईपीएस श्री कराले व एसडीओ श्री गुजर का स्वागत बीबीआरटी स्कूल के ट्रस्टी डॉ गुणवंत बंगाले, डॉ लाल तनवानी, प्रो नरेश भाटिया व गोपाल रावलानी द्वारा किया गया। साथ ही उपस्थित थे संदीप भाटिया, दिपेश तनवानी, यश रावलानी, प्रतीक रावलानी व प्रीतम बंगाले। इसके बाद मंच पर उपस्थित गणमान्यों द्वारा स्कूल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता बच्चों व हर क्लास के स्टूडेंट ऑफ द ईयर को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में स्कूल के ट्रस्टी प्रो नरेश भाटिया व गोपाल रावलानी ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डेढ़ वर्ष की छोटी सी अवधि में स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी बच्चों के परिजनों को दी और आगे भी बच्चों को न केवल बेहतरीन अकादमिक शिक्षा व इंट्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने बल्कि भविष्य में उन्हें एक बेहतर व्यक्ति बनाने की शिक्षा देते रहने का भी वादा किया।



इस अवसर पर उपस्थित ठाणे ज़िले के संयुक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्राय कराले ने अपने संबोधन में कहा कि वे बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल के साथ तब से जुड़े है जब स्कूल की नीव रखी जानी थी। ऐसे में वे इस स्कूल को और स्कूल के ट्रस्टी, टीचर व अन्य स्टाफ को बहुत अच्छे से जानते व पहचानते है और उन्हें गर्व है कि ठाणे ज़िले में यह स्कूल बहुत तेजी से उबर रहा है। उन्होंने इस दौरान चालीस वर्ष पूर्व उनके बचपन के दिनों को भी याद किया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से यह बात साझा की कि वे, बीबीआरटी के ट्रस्टी डॉ बंगाले व एसडीओ गुजर एक ही स्कूल के पढ़े हुए है । श्री कराले ने अंत में बच्चों के परिवारजनों से अपील की कि वे अपने बच्चों के साथ समय व्यतीत करें, उन्हें समझे और उनके ऊपर अपना ध्यान बनाए रखे। मोबाइल को उपयोगी तरीक़े से इस्तमाल करने की शिक्षा बच्चों को दे और मोबाइल को उनके ऊपर हावी ना होने दे। स्कूल के ट्रस्टी डॉ लाल तनवानी ने कहा कि बीबीआरटी स्कूल का पूरा मैनेजमेंट शिक्षा के क्षेत्र से सालों से जुड़ा हुआ है और सभी ट्रस्टियों द्वारा एक उद्देश्य के साथ इस स्कूल का निर्माण किया गया है कि बच्चों को न केवल उच्च स्तरीय शिक्षा उपलब्ध करवाई जा सके बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति व परंपरा से भी अवगत करवाया जा सके। उन्होंने अंत में कहा कि बीबीआरटी स्कूल इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देता रहेगा।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### इजराइल और हमास के बीच जंग का विकल्प

इजराइल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध को अब तीन महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है। शुरुआती दौर में इस बात पर गौर किया जा सकता था कि हमास ने अपने हमले में जैसी बर्बरता का प्रदर्शन किया, इजराइल के सामने अपने बचाव में उसका जवाब देने का विकल्प नहीं था। मगर उसके बाद हमलों का सिलसिला अब तक जारी है और उसमें मारे जाने वाले आमतौर पर गाजा के वे साधारण लोग हैं, जिनका युद्ध के किसी भी पक्ष से कोई वास्ता नहीं रहा और वे दोतरफा जिद और बर्बरता के शिकार हुए। रविवार को गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक पच्चीस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और करीब साढ़े बासठ हजार लोग घायल हुए हैं। इतनी बड़ी जनहानि के बावजूद इस युद्ध के खत्म होने या रुकने का कोई संकेत फिलहाल नहीं दिख रहा है। सवाल है कि हमास के खात्मे के घोषित मकसद के पर्दे में अगर इजराइल निर्दोष लोगों को निशाना बना रहा है, तो उसके हमले को स्वाभाविक प्रतिक्रिया कब तक माना जा सकेगा। कोई जंग किसी मामूली कारण से भी शुरू हो सकती है और उसमें दोनों पक्षों में धीरज और दूरदर्शिता की कमी एक बड़ा कारण हो सकता है। मगर युद्ध में जितने सैनिक मोर्चे पर मारे जाते हैं, उससे कई गुना ज्यादा आम लोगों को मार डाला जाता है। कोई इसकी जिम्मेदारी नहीं उठाता।

हमास ने अचानक इजराइली सीमा में घुसपैठ कर एक हजार से ज्यादा आम लोगों को मार डाला, तब उसकी बर्बरता को लेकर दुनिया भर में क्षोभ और आक्रोश पैदा हुआ और तब इजराइल के जवाब को सही ठहराने का एक कारण था। मगर उसके बाद इजराइली हमले में जितनी तादाद में आम लोगों की जान जा चुकी है, उसे कैसे देखा जाएगा? गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं के लिए काम करने वाली एजंसी की एक रपट के मुताबिक इजराइल और गाजा के बीच जारी युद्ध में अब तक लगभग सोलह हजार महिलाओं और बच्चों को मार डाला गया है। इसके अलावा, इस जंग में कम से कम तीन हजार महिलाओं ने अपने पति को खो दिया और दस हजार से अधिक बच्चों के सिर से उनके पिता का साया उठ गया है। इतने बड़े पैमाने पर मासूम लोगों के मारे जाने के बावजूद इजराइल की ओर से युद्ध को खत्म करने की तो दूर, युद्ध विराम तक को लेकर कोई संकेत नहीं दिख रहा।

# अयोध्या में सद्भाव की प्रतिष्ठा, विराजमान हुए प्रभु श्रीराम

वो अयोध्या में राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण में हो गई। इसके साथ ही लंबे समय से चला आ रहा विवाद भी समाप्त हो गया। राम भारतीय आस्था के प्रतीक हैं। पौराणिक प्रमाणों के अनुसार उनका जन्मस्थान उसी जगह को माना जाता है, जहां अभी भव्य मंदिर बना है। इसी जगह को लेकर करीब पांच सौ वर्षों से विवाद था। भाजपा की प्रमुख प्रतिज्ञाओं में से एक यह भी थी कि वह राम मंदिर का निर्माण राम के मूल जन्म स्थान पर ही कराएगी। इस तरह भाजपा की प्रतिज्ञा भी पूरी हो गई। विवाद इस बात को लेकर था कि राम मंदिर को ध्वस्त कर आक्रांता शासकों ने वहां मस्जिद खड़ी कर दी थी। उस जगह पर मालिकाना हक पाने के लिए संत समाज संघर्ष कर रहा था।

अंग्रेजी हुकूमत ने इसका निपटारा दोनों समुदायों के लिए अलग-अलग पूजा करने की इजाजत देकर किया था। मगर संत समाज उससे संतुष्ट नहीं था। आजादी के बाद उस जगह को प्राप्त करने के लिए देश के विभिन्न न्यायालयों का दरवाजा खटखटाया गया। कई मौकों पर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मामले को सुलझाने का प्रयास किया, मगर कोई व्यावहारिक हल नहीं निकल सका। फिर इसके लिए भाजपा ने देशव्यापी आंदोलन चलाया और कारसेवकों के दल ने विवादित ढांचे को ध्वस्त कर दिया था। तब अनवरत सुनवाइयों, गवाहियों के बाद आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि विवादित जगह मूल रूप से राम जन्मस्थान है और





उस पर संत समाज का हक है।

इस मंदिर को बनने में इसलिए इतना वक्त लग गया कि संवैधानिक सिद्धांतों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किसी एक आस्था के पक्ष में एकतरफा फैसला करना किसी भी सरकार के लिए मुश्किल जान पड़ता था। हालांकि उसमें राजनीतिक नजरिया भी शामिल था।

जबकि आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने तर्क दिया कि राम जन्मभूमि भारतीय आस्था से जुड़ा मामला है, इसलिए विवादित जगह पर उसे स्वामित्व दिया जाना चाहिए। दूसरे पक्ष के लिए अलग से जगह प्रदान की जानी और उस पर उनकी इच्छा के अनुरूप पूजा स्थल का निर्माण कराया जाना चाहिए। वह फैसला दोनों पक्षों ने मंजूर किया।

अगर इस मामले को राजनीतिक रंग न दिया गया होता, तो शायद यह इतना लंबा न खिंचता। जब राममंदिर आंदोलन शुरू हुआ तो अल्पसंख्यक समुदाय के भीतर तरह-तरह से भय भरने और उसे उकसाने का भी प्रयास किया जाता रहा। मगर अच्छी बात है कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने और उसके बाद राम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। किसी प्रकार का उन्माद का वातावरण नहीं बना।

राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले और उसके बाद भी प्रधानमंत्री ने संकल्प दोहराया कि वे राम के आदर्शों पर चलते हुए सुशासन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। निश्चय ही यह संकल्प उम्मीदें जगाता है। भारत जैसे धर्मबहुल और विविध संस्कृतियों वाले देश में सुशासन की नीव सद्भावना पर ही टिकती है। जिस तरह मंदिर निर्माण और उसमें प्राण प्रतिष्ठा तक सौहार्द और सद्भाव का वातावरण दिखाई दिया, वह इस नींव की मजबूती का भरोसा पैदा करता है। राम तो पुरुषोत्तम हैं, समदर्शी और सद्भावना के प्रतीक हैं। इसीलिए रामराज किसी भी शासन की आत्यंतिक कसौटी है। लोक आस्था से जुड़े राम का मंदिर लोक को समर्पित कर भाजपा और उसकी सरकारों ने अपना संकल्प पूरा कर दिया है, अब उसके सामने सद्भाव और सुशासन का वातावरण बनाने के संकल्प पर खरा उतरने की परीक्षा है।




जहाँ भी जाइए, वहाँ एकता की खुशबू फैलाइए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# अयोध्या में ही राम

अयोध्या तो हमेशा प्राणवंत रही है। उसकी चेतना और स्पंदन में 'देवत्व' बसा है। अयोध्या भारत की ही नहीं, सनातन के आस्थावानों की आध्यात्मिक राजधानी है। जहां सरयू माता है, देवत्व का वास है, वहां से श्रीराम कहां जा सकते हैं? भौतिक वनवास उनके मानव-काल का एक दौर था। सांप्रदायिकता और सियासत ने अयोध्या को दिखावटी तौर पर अभिशप्त किया था। विध्वंस था, अतिक्रमण था, विदेशी लुटेरों ने कब्जे किए थे और मंदिर को मस्जिद बनाने का दुस्साहस किया था, लेकिन सरयू मां जीवित थीं, तो श्रीराम कण-कण में क्यों नहीं बसे थे? अदृश्य और ओझल होना भी देवत्व था, प्रभु राम की लीला थी, एक और अग्नि-परीक्षा थी, लिहाजा हमारे आराध्य तो अयोध्या में ही थे। यह कथन सांस्कृतिक तौर पर उचित नहीं है कि हमारे राम अयोध्या लौटे हैं। वनवास से अयोध्या लौटे हैं। अयोध्या और आराध्य एकत्व के भाव में निहित हैं। बेशक भगवान विष्णु ने मानव-रूप में जन्म अयोध्या के राज-परिवार इक्ष्वाकु वंश में लिया था, लेकिन उनका अवतरण वैश्विक रहा है। करीब 55 देशों में प्रभु राम की मान्यता है। आज भी अमरीका के करीब 1100 मंदिरों में 'रामोत्सव' मनाया जा रहा है। उसके भौतिकतावादी शहर भी 'राममय' हैं और आपस में 'जय सियाराम' के उद्घोष के साथ एक-दूसरे का अभिवादन करते हैं। ब्रिटेन के 500 मंदिरों में 'श्रीराम विजयोत्सव' मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी मंदिर जाकर 'रामायण का पाठ' सुन सकते हैं। नीदरलैं सरीखे देश में 'राम मंदिर के चित्र' वाले डाक टिकट जारी किए गए हैं। यूरोप के कई देश भी 'राममय' हैं। इसका स्पष्ट निष्कर्ष है कि इतने व्यापक हैं श्रीराम! भारत की प्रत्येक दिशा में राम आराध्य हैं और 350 से अधिक 'रामायण' सृजित की गई हैं। राम के लिए जितना महत्त्व अयोध्या का है, उतना ही 'रामेश्वरम' का है।

बहरहाल अयोध्या के राम मंदिर में आराध्य की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही 492 साल लंबी प्रतीक्षा, पीढ़ियों की अनवरत लड़ाई और कुर्बानियों, राजनीतिक विरोधाभासों, अदालती पूर्वाग्रहों और कुतर्कों के दौर समाप्त हो रहे हैं और धर्मनिरपेक्षता का मूल भाव लिए श्रीराम स्थापित हुए हैं। यह प्रभु राम और उनकी दैवीय स्वीकृति का ही प्रभाव है कि लगातार नास्तिक भाव वाले राजनेता और राजनीतिक दल आज राम को स्वीकार रहे हैं, शंकराचार्यों की महत्ता स्थापित कर रहे हैं और 22 जनवरी के बाद कभी भी राम मंदिर जाकर दर्शन करने की बात कह रहे हैं। यह भारतीय सभ्यता, संस्कृति, अध्यात्म,



आस्था और आराध्य की असीम, अनंत, अनश्वर, अंतहीन विजय है। बेशक गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, अपराध और आसुरी वृत्तियां आदि सार्वकालिक और स्थूल समस्याएं हैं। देश की बेरोजगारी दर 17-18 फीसदी तक रही है। मुद्रास्फीति की दर 13-14 फीसदी तक रही है। देश का सोना तक बेचने की नौबत आ गई थी। विदेशी मुद्रा भंडार मात्र एक अरब डॉलर तक शेष रह गया था। कमोबेश आज हालात अपेक्षाकृत समृद्ध हैं और भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ये सवाल हमेशा रहेंगे। खलनायक और असुर चेहरे प्रभु राम वाले त्रेता युग में भी मौजूद थे। उनके अवतार का एक महान लक्ष्य असुरों का समापन भी था। हम दोनों युगों की तुलना नहीं कर रहे हैं, बल्कि युगों की संक्षिप्त विवेचना कर रहे हैं कि समस्याएं शाश्वत हैं। स्थूल समस्याएं और सांस्कृतिक पहचान अलग-अलग मुद्दे हैं। राम मंदिर इन समस्याओं को नजरअंदाज कर नहीं बनाया जा रहा है। आम आदमी धर्म भी निभा रहा है और 'राम-दीपावली' के जश्न में भी डूबा है।


# कयामत के दिन बचा लेगा ये लग्जरी बंकर!

दुनियाभर के तमाम अरबपति इन दिनों ऐसे बंकर बनवा रहे हैं, जहां अगर जरूरत हो तो वर्षों तक लग्जरी लाइफ के बीच रहा जा सके. जमीन के

**जरा हट के**

नीचे बने ये बंकर दुनिया की सारी सुख-सुविधाओं से लबरेज हैं. हाल के दिनों में ज्यादातर अमीरों ने ऐसे बंकर बनवाए हैं.

आप इन्हें 5 स्टार होटल समझ सकते हैं. ये काफी आरामदायक हैं और कई तरह की आपदा झेलने के लिए तैयार हैं. यहां पर खाने-पीने के साथ-साथ लग्जरी बाथरूम, स्विमिंग पूल, दवाओं की



उपलब्धता का खास ध्यान रखा जाता है.

इन्हीं में से एक बंकर अमेरिका की कंसास सिटी से कुछ दूरी पर बना है. 10 एकड़ में फैले इस बंकर में एक जिम, रिकॉर्डिंग स्टूडियो, थिएटर रूम, 10 से ज्यादा लग्जरी बेडरूम, 2 बाथरूम बनाए गए हैं. जो काफी लग्जरी हैं. बंकर का निर्माण मूल रूप से 1960 के दशक में किया गया था. तब इस पर 4.5 मिलियन डॉलर का खर्च आया था, जो आज 282 करोड़ रुपये के बराबर है. मकसद प्रलय के दिनों में विनाशकारी हमलों से अमीर लोगों को बचाना था. सुरक्षा के लिए इसके गेट पर 2.5 मीटर मोटी कंक्रीट की दीवारें बनाई गई हैं. विद्युत चुम्बकीय तरंगों को रोकने के लिए तांबे की ढाल और 1360 कलो के 2 टाइटैनिक ब्लास्ट दरवाजे लगाए गए हैं. रेडिएशन भी इसके अंदर प्रवेश नहीं कर सकता.

अगर आप इस बंकर के अंदर एक बार चले गए तो बहुत सारे विनाशकारी हमलों की स्थिति में बचे रहेंगे. घर के अंदर रहने वालों के लिए मनोरंजन का पर्याप्त साधन मौजूद है. एक आधुनिक रसोईघर, बड़े बैठक कक्ष और कई बेडरूम की व्यवस्था है.


कुछ साल पहले पश्चिमी अमेरिका में भी ऐसा ही एक बंकर बनाया गया था. कहा जा रहा था कि इस पर परमाणु हमलों का भी असर नहीं होगा. इतनी सुविधाएं हैं कि यहां 80 से ज्यादा लोग एक साल तक आराम से रह सकते हैं. ये सबकुछ है, लेकिन सामान्य लोगों के लिए नहीं. सिर्फ अमीर ही यहां रह सकते हैं क्योंकि यहां रहने की कीमत अरबों रुपये है. सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन जगहों पर एक रात गुजारने का खर्च 40 लाख रुपये से भी ज्यादा है. बच्चों के लिए भी 20 लाख रुपये खर्च करने होंगे.

# महिला और पुरुषों में कितना होना चाहिए हीमोग्लोबिन?

- **कम होना सेहत के लिए खतरनाक**
- **इन फूड से करें मेंटेन**

हीमोग्लोबिन हमारे खून में पाया जाने वाला एक प्रोटीन होता है, जो हमारे शरीर के टिश्यू तक ऑक्सीजन पहुंचाता है. हमारे शरीर के टिश्यूज में पर्याप्त ऑक्सीजनेशन के लिए हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य होना चाहिए. कम या ज्यादा होने पर ऑक्सीजन की सप्लाई बाधित हो सकती है और लोगों की सेहत बिगड़ सकती है. कई बार हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो, तो यह खून की कमी का संकेत भी हो सकता है. सेहत को दुरुस्त बनाए रखने के लिए हीमोग्लोबिन के लेवल की समय-समय पर जांच करानी चाहिए. महिला और पुरुष दोनों के शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर अलग-अलग होता है. महिलाओं में पुरुषों की अपेक्षा हीमोग्लोबिन थोड़ा कम होता है. इसकी नॉर्मल रेंज जान लेते हैं.

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन (NCBI) की रिपोर्ट के अनुसार वयस्क पुरुषों में हीमोग्लोबिन का स्तर 14 से 18g/dL के बीच सामान्य माना जाता है. जबकि वयस्क महिलाओं में हीमोग्लोबिन का लेवल 12 से 16g/dl के बीच हो, तो सामान्य माना जाता है. जब शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा नॉर्मल से कम हो जाती है, तब यह माना जाता है कि व्यक्ति को एनीमिया है. एनीमिया एक ऐसी कंडीशन होती है, जिसमें व्यक्ति के शरीर में ऑक्सीजनेटेड ब्लड की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पाती है. ऐसी कंडीशन में व्यक्ति अत्यधिक थकान और कमजोरी महसूस करने लगता है. सीवियर एनीमिया हार्ट और लंग्स प्रॉब्लम पैदा कर सकता है. ऐसे में सभी लोगों को समय समय पर अपना ब्लड टेस्ट कराना चाहिए, ताकि हीमोग्लोबिन लेवल की मॉनिटरिंग की जा सके.



हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाने के लिए आयरन से भरपूर फूड का सेवन करने की सलाह दी जाती है. आयरन एक ऐसा तत्व है, जो हीमोग्लोबिन के प्रोडक्शन को बढ़ाने में अहम योगदान देता है. हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने के लिए मीट, फिश और अंडा को सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है. हालांकि जो लोग वेजिटेरियन हैं, वे हीमोग्लोबिन की कमी पूरा करने के लिए फलियों, दालों, हरी सब्जियों, नट्स और सी का सेवन कर सकते हैं. इन चीजों में भरपूर मात्रा में आयरन होता है, जिससे एनीमिया के खतरे को दूर किया जा सकता है और हीमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाया जा सकता है. अगर खाने-पीने के बावजूद आपके शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो, तो डॉक्टर से मिलकर दवा लेनी चाहिए. यह किसी बीमारी का संकेत भी हो सकता है.




# चुकंदर का हलवा

कई लोग बीट देखकर मुंह खराब करते रहते हैं. लेकिन अगर इसकी खास डिश बनाई जाए तो संभव है कि आप इसे आसानी से खा सकें. चुकंदर का जूस, सलाद और हलवा खाने से आपको काफी फायदे मिल सकते हैं. एक दिन में एक चुकंदर उपयुक्त होगा.

**सामग्री**

- चुकंदर – 300 ग्राम
- घी – 2-3 बड़े चम्मच
- चीनी – 100 ग्राम
- काजू – 10-12 बड़े चम्मच
- बादाम – 8-10 बड़े चम्मच.
- बेहतर दूध – 300 मिली
- किशमिश – 1 बड़ा चम्मच

**विधि :** सबसे पहले बीट्स को धो लें. एक स्क्वैश छीलें, इसे कद्दूकस करें और रस निचोड़ें. – अब पैन गरम करें और उसमें 2 टेबल स्पून घी डाल दें. घी को पिघलाकर उसमें बादाम और काजू डालकर हल्का सा भून लीजिए. भुने हुए मेवे को प्लेट में निकाल लीजिए.



अब कढ़ाई में 2 टेबल स्पून घी डाल कर मिला दीजिये. इसमें कद्दूकस किए हुए बीट्स डालकर मीडियम गैस पर 2-3 मिनट तक भूनें. 3 मिनिट बाद इसमें दूध मिला दीजिये. अगर ऐसा है तो 5-6 मिनट के लिए इस पर चढ़ें. अब मिश्रण को हिलाएं. हलवे को थोड़ा-थोड़ा करके चलाते रहें. अब इलायची पाउडर डाल कर अच्छी तरह मिला लें. हलवे को लगातार चलाते हुए गाढ़ा होने तक भून लीजिए, अब इसमें चीनी मिला दीजिए. किशमिश भी मिला लें और चुकंदर के रस में ये एक साथ फूल जाएंगे. हलवे को लगातार चलाते रहें ताकि वह चिपके नहीं. जब हलवा हलवे की तरह गाढ़ा हो जाए तो उसमें मेवे मिला दें. कुछ मेवे सजाने के लिए रख दें. इलायची को एक साथ पीसकर चूर्ण बना लें. अब सभी चीजों को अच्छे से मिला लें. 25 मिनिट में हलवा बनकर तैयार हो जाएगा. हलवे को डिब्बे में निकाल लीजिये. स्वाद और सेहत से भरपूर चुकंदर का हलवा बनकर तैयार है. ऊपर से मेवे डालें. ठंडा होने पर इसे फ्रीजर में रख कर 7 दिन तक इस्तेमाल कर सकते हैं. जब आप हलवा बनाते हैं, तो आप अपनी पसंद के अनुसार चीनी को बढ़ा या घटा सकते हैं.

# तला हुआ खाकर सीने में हो रही है जलन



- **तो इन 3 चीजों को खाकर परेशानी होगी छूमंतर**

फ्राइड खाना खाने के बाद या तो लोगों का पेट खराब हो जाता है या फिर एसिडिटी होने लगती है। इस समस्या का कभी कभार होना ठीक है, लेकिन अगर ये समस्या किसी को रोजाना हो रही है तो खान पान पर ध्यान देने के साथ ही आपको डॉक्टर से बातचीत करनी चाहिए। अगर एसिडिटी की समस्या हो रही है तो कुछ तरह के खाने की चीजों को डायट में शामिल करना अच्छा है। जानिए 3 ऐसी चीजें जो एसिडिटी को फटाफट छूमंतर कर सकती हैं।

### दही

दही पेट के लिए काफी फायदेमंद होता है। ये प्रोटीन, कैल्शियम, राइबोफ्लेविन और विटामिन बी 6 से भरपूर होता है। ये पेट में एसिड बनने से रोकने में मदद करता है। साथ ही पेट में जलन को भी कम कर सकता है। ये एक प्रोबायोटिक है, इसलिए रोजाना के खाने में एक कटोरी दही खाना अच्छा होता है। अगर एसिडिटी हो तो थोड़ी सी दही खा लें इससे तुरंत आराम मिलेगा।

### हींग

भारतीय किचन में हींग का खूब इस्तेमाल किया जाता है। ये पाचन के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। हींग गैस की समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इसे कभी भी डायरेक्ट ना खाएं, क्योंकि इसका स्वाद बहुत कड़वा होता है। एसिडिटी से निपटने के लिए हींग को हल्के गर्म पानी में मिलाएं और इसको पी लें। ऐसा करने से एसिडिटी तुरंत गायब हो जाएगी।

### सौंफ

अगर आपको एसिडिटी की समस्या रहती है तो आप खाने के बाद एक चम्मच सौंफ खाने की आदत बना लें। सौंफ में एंटी अल्सर गुण होते हैं, यह न केवल पाचन में सुधार करती है बल्कि कब्ज से निपटने के लिए भी बहुत फायदेमंद है। चाहें तो सौंफ की चाय भी बना सकते हैं, इसके लिए एक चम्मच सौंफ को पानी में तब तक उबालें जब तक की यह पानी आधा न हो जाए। फिर इस पानी को छानें और पीएं। अगर स्वाद अच्छा ना लगे तो इसमें गुड़ मिलाकर पी सकते हैं।

# चेहरे की रौनक बढ़ाने के लिए अपनाएं ये 3 स्टेप्स

**15 दिनों के अंदर दिखने लगेगा नेचुरल ग्लो**



स्किन ग्लो पाने के लिए सही खान पान के साथ ही सही स्किन केयर बेहद जरूरी है। ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आपको एक सही स्किन केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। खराब स्किन जिसमें त्वचा पर झाइयां, दाग धब्बे और डलनेस लुक को खराब करती है। ऐसे में चमकदार स्किन पाना हर किसी की ख्वाहिश होती है। ऐसे में यहां हम बता रहे हैं 3 स्टेप जिन्हें अपनाकर आप ग्लोइंग स्किन पा सकते हैं।

पहले स्टेप के लिए फेस पैक तैयार करना बहुत आसान है। इसके लिए पानी गरम करें और फिर इसमें फ्लैक्स सी डाल दें। इसे अच्छे से उबाल लें जब तक की ये जेल ना बन जाए। सोशल मीडिया पर आपने इस फेस पैक को जरूर देखा होगा। कोरियाई महिलाओं जैसी स्किन पाने के लिए आप इस फेस पैक को जरूर लगाएं। जब ये जेल बन जाए तो एक कपड़ा लें और उसकी मदद से इसे छान लें। ये जब ठंडा हो जाए तब इसमें शहद मिलाएं और अपने चेहरे पर लगा लें। इसे अच्छी तरह से पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 15 से 20 मिनट बाद जब ये सूख जाए तो इसे पानी से साफ कर लें।

दूसरे स्टेप के लिए फेस पैक तैयार करना है तो सबसे पहले थोड़ा दूध कटोरी में लें और इसमें चिया सी को अच्छी तरह से भिगो दें। कुछ देर बाद ये फूल जाएगा। जब ये फूल जाए तो अपने साफ चेहरे पर इस पैक को लगाएं। अगर स्किन बहुत ज्यादा ड्राई है तो इसमें शहद की कुछ बूंद मिला सकते हैं। इस पैक को लगाने के बाद एक जगह बैठ जाएं क्योंकि चिया सी स्किन पर पूरी तरह चिपकती नहीं है। जब 10 से 15 मिनट पैक को लगाकर हो जाएं तो चेहरे की मसाज करें। फिर चेहरे को साफ करें।

तीसरे स्टेप में आपको एलोवेरा जेल लेना है। आप मार्केट में मिलने वाले जेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस जेल को हाथों पर लें और इसमें विटामिन ई कैप्सूल के तेल को मिलाएं। इसे अच्छे से मिक्स करें और फिर चेहरे पर लगाएं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ :** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। प्रमाद न करें।

**मिथुन :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। भाइयों से सहयोग मिलेगा। कुसंगति से हानि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क :** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। मातहतों का साथ नहीं मिलेगा। थकान रहेगी।

**सिंह :** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**कन्या :** पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी न करें।

**तुला :** कारोबार से लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। अज्ञात भय रहेगा। अनहोनी की आशंका रहेगी। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**वृश्चिक :** फालतू खर्च होगा। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अज्ञात भय रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**मकर :** योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें। विवेक का प्रयोग करें। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कुंभ :** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। समय की अनुकूलता मिलेगी।

**मीन :** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर कर दी बीवी की हत्या, ऐसे खुला राज़

**मेरठ.** मेरठ में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने प्रेमिका के साथ मिलकर प्यार में रोड़ा बन रही बीवी की हत्या कर दी। फिर शव को ई रिक्शा पर लादकर नाले में फेंक दिया। कई दिनों तक संपर्क न होने पर मृतका की बहन ने इस बात जानकारी थाने में दी। जब पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका से पूछताछ की तो दोनों ने हत्या की बात स्वीकर कर ली। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ये मामला परतापुर थाना क्षेत्र के शताब्दी नगर का है। बुलंदशहर के रहने वाले नाजिम अपनी पत्नी शबाना के साथ पिछले एक महीने से शताब्दी नगर फोर-सी में किराए के मकान में रहा रहा था। वह ई-रिक्शा चलाता है। बिजनौर की ही अलफीजा से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। वह उसके साथ बिना निकाह के ही शताब्दीनगर में ही रहने लगी। 4 जनवरी को हापुड़ की रहने वाली मुस्कान ने बहन शबाना को फोन मिलाया पर नहीं मिला। उसने नाजिम से बहन के बारे में पूछा। जिस पर उसने कहा कि शबाना गुस्से में कहीं चली गई है। परतापुर थाने में गुमशुदगी दर्ज है।

### कुशीनगर में शोभायात्रा पर पथराव के बाद राममंदिर पर अभद्र टिप्पणी; 2 गिरफ्तार

**कुशीनगर.** एक तरफ अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश जश्न में डूबा रहा, वहीं यूपी के कुशीनगर में कुछ अराजक तत्व माहौल बिगड़ाने की कोशिश करते रहे। पहली घटना कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र की ग्रामसभा बरवा बाजार में हुई जहां राममंदिर शोभायात्रा के दौरान दो पक्षों में झड़प के बाद ईंट-पत्थर चलाए गए। इसमें कई युवक घायल हो गए। उस घटना में पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक हुड़दंगियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वहीं जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में एक मनबढ़ ने राम मंदिर को लेकर अभद्र टिप्पणी कर वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। कुशीनगर के कुबेर स्थाान थाना क्षेत्र से भी सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी वायरल किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने वहां भी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही बस्ती में शोभायात्रा में डीजे बजाने और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में टेंट लगाने को लेकर विवाद हुआ। पुलिस और श्रद्धालुओं में नोकझोंक हुई।

### कोहरे में गाड़ी रोक पुलिस वालों को लूटने की कोशिश, एनकाउंटर में एक शातिर दबोचा

**अलीगढ़.** अलीगढ़ के गभाना थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस के हाथ बड़ी सफलता हाथ लगी। मुठभेड़ में एक दिल्ली में कार लूटने वाले एक 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार कर लिया। अल सुबह पुलिस की गाड़ी घने कोहरे में जब पेट्रोलिंग कर रही थी तो कुछ कार लुटेरों ने आम गाड़ी समझकर रोक लिया। लेकिन जब बदमाशों ने पुलिसवालों को देखा तो खुद को फंसता देख गोली चला दी। जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। वहीं दो अन्य साथी कोहरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल बदमाश को पकड़ लिया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि फरार चल रहे दोनों साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। वहीं पकड़े गए आरोपी बदमाश विपिन उर्फ़ शौर्य के ऊपर 25 हजार का ईनाम है।

# रामलला के दर्शन के लिए बेकाबू हुए भक्त

- पुलिस ने लहराईं लाठियां, टूटी बैरिकेडिंग
- DG और ACS होम भी पहुंचे

**अयोध्या.** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का दर्शन करने के लिए मंगलवार को भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों को किसी तरह संभालने की कोशिश की। इसके बाद भी जब भक्त बेकाबू हुए तो लाठियां बरसा कर किसी तरह उन्हें रोका गया।

मामला बिगड़ता देख कमिश्नर, आईजी और एडीजी भी मौके पर पहुंचे और हाथों में लाउडस्पीकर लेकर भक्तों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे। कुछ देर में डीजी प्रशांत कुमार और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी राम मंदिर पहुंच गए हैं। खुद भीड़ को संभालने के लिए मोर्चा संभाल लिया। वहीं, भारी भीड़ को देखते हुए दूसरे जिलों से अयोध्या आने वाले रास्तों पर भी गाड़ियों को रोका जा रहा है। उन्हें अयोध्या में भारी भीड़ होने की जानकारी देकर किसी और दिन आने की अपील की जा रही है।



राम मंदिर पर मंगलवार की सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ पहुंच गई थी। मंदिर खुलते ही लोग अंदर जाने को आतुर दिखाई दिए। साढ़े 11 बजे मंदिर बंद हुआ तो भीड़ और ज्यादा बढ़ गई। दो बजे मंदिर खुला तो रामपथ पर भक्त बेकाबू हो गए। हर कोई जल्द से जल्द दर्शन करने को आतुर दिखाई दिया। इससे पुलिस वालों को उन्हें संभालने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने में एसएसबी और आरएएफ के जवान भी अपने आप को असहाय महसूर करने लगे।

जन्मभूमि पथ पर पांच सौ मीटर की दूरी में तीन खंडों में रिट्रैक्टबिल गेट लगाकर श्रद्धालुओं को रोकने की कोशिश की गई। लेकिन भीड़ के दबाव में यह गेट टूट गया। इससे काफी श्रद्धालु ही नहीं पुलिसकर्मी भी चोटहिल हुए। बैरीकेडिंग को पार कर श्रद्धालु अंदर घुसे तो 11.30 बजे आरती के लिए कुछ देर मंदिर में दर्शन बंद किया गया लेकिन भीड़ जमी रही तो दोबारा दर्शन शुरू करा दिया गया।

करीब दो बजे अंदर और बाहर दोनों जगह भक्तों की भारी भीड़ बेकाबू होने लगी तो पुलिस ने लाठियां बरसानी शुरू कर दी। भक्तों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और हवा में लाठियां लहराई। इससे भगदड़ भी मची और कई लोग फिसलकर घायल हो गए। भीड़ में फंसी कुछ बुजुर्ग महिलाओं को किसी तरह पुलिस वालों ने बाहर निकाला।

## रिपब्लिक डे फ्लाइपास्ट में एयरफोर्स के 51 एयरक्राफ्ट हिस्सा लेंगे

- इसमें 29 लड़ाकू विमान
- झांकियों में चंद्रयान-3 की लैंडिंग और भगवान राम भी दिखेंगे

**नई दिल्ली.** 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस के फ्लाई-पास्ट में भारतीय एयरफोर्स के 51 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। इनमें 29 फाइटर प्लेन, 7 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, 9 हेलिकॉप्टर और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट शामिल होगा। इन्हें 6 अलग-अलग बेस से ऑपरेट किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और 9 मंत्रालयों और विभागों की 25 झांकियां शामिल होंगी। इन राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, मणिपुर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, लद्दाख, तमिलनाडु, गुजरात, मेघालय, झारखंड, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना का नाम है। इनके अलावा गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, एविएशन और जलमार्ग मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान केंद्र (CSIR), निर्वाचन आयोग और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) मंत्रालय की झांकियां नजर आएंगी।



ISRO की झांकी में चंद्रयान-3 सबसे प्रमुख हाई लाइट होगी। इस झांकी में चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग, चंद्रमा के साउथ पोल पर उसकी सफल लैंडिंग और चंद्रयान-3 के लैंडिंग पॉइंट 'शिव शक्ति पॉइंट' को भी दिखाया जाएगा।

उत्तर प्रदेश की झांकी में सबसे आगे भगवान राम होंगे। 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस झांकी का महत्व बढ़ गया है। इसके अलावा इस झांकी में मेरठ रैपिड रेल और ब्रह्मोस मिसाइल को शामिल किया गया है, क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार नेक्स्ट जेनरेशन ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए राज्य में एक प्लांट डेवलप कर रही है।

### दरोगा को बदमाशों ने सीने में गोली मारी

- आर-पार हुई बुलेट...ICU में भर्ती

**मेरठ.** मेरठ में सोमवार देर रात बदमाशों ने चौकी प्रभारी मुनेश सिंह के सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह गिर पड़े। काफी खून बह गया। पुलिसकर्मी आनन-फानन में चौकी प्रभारी को अस्पताल ले गए। फिलहाल, उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उनका गाजियाबाद के कौशांबी स्थित मैक्स हॉस्पिटल में ICU में इलाज चल रहा है।

दरोगा के सीने से गोली आर-पार हुई है। मंगलवार को उनका ऑपरेशन किया गया। वारदात उस वक्त हुई, जब दरोगा पुलिस टीम के साथ चोरी की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। पुलिस ने बदमाशों को घेरा तो पहले पुलिस गाड़ी में टक्कर मारी। फिर फायरिंग शुरू कर दी। पूरी वारदात हाईवे चौकी इलाके के डिफेंस कॉलोनी की है।

## नीतीश कुमार अचानक राज्यपाल से मिलने पहुंचे



- राजभवन में 50 मिनट चली मुलाकात
- मांझी ने लिखा- खेला होबे; RJD ने कहा- ऑल इज वेल

**पटना.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलने राजभवन पहुंचे। सीएम और राज्यपाल की मुलाकात करीब 50 मिनट तक चली। उनके साथ संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे।

मुलाकात के बाद सीएम राजभवन से निकल गए । उन्होंने पत्रकारों से बात नहीं की। इधर, पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने सोशल मीडिया पर लिखा- खेला होबे। हालांकि RJD ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया है। RJD प्रवक्ता ने कहा- ऑल इज वेल।

#### मुलाकात से पहले राज्यपाल और मुख्यमंत्री साथ थे

राजभवन जाने से पहले सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गांधी मैदान में एक साथ थे। तीनों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी थी। कार्यक्रम के तुरंत बाद सीएम नीतीश कुमार राज्यपाल से मिलने राजभवन चले गए। उनके साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव नहीं थे।

मांझी ने बांग्ला, मगही और भोजपुरी में लिखा- खेला होवे

इधर, बिहार में सियासी उठा पटक के बीच हम पार्टी के सुप्रीमो जीतनराम मांझी ने सोशल मीडिया एक्स पर खेला होखी पोस्ट कर हलचल बढ़ा दी।

**उन्होंने लिखा-** *बंगला में कहतें हैं, "खेला होबे",*

*मगही में कहतें हैं, "खेला होकतो",*

*भोजपुरी में कहतें हैं, "खेला होखी"*

*बाकी तो आप खुद ही समझदार हैं...*

#### मुलाकात के बाद नीतीश ने मीडिया से दूरी बनाई

सुभाष चंद्र बोस जयंती पर मीडिया कर्मियों को एक किनारे में खड़ा किया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। कार्यक्रम समापन के वक्त मीडिया को समारोह स्थल पर दरवाजे के भीतर लॉक कर दिया गया। मीडिया कर्मियों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के सामने जाने नहीं दिया गया।

## म्यांमार का मिलिट्री एयरक्राफ्ट मिजोरम में रनवे पर फिसला

**8 सैनिक घायल; भारत भागकर आए सैनिकों को एयरलिफ्ट करने आया था**



**आइजोल.** म्यांमार का एक मिलिट्री एयरक्राफ्ट मंगलवार को मिजोरम के लेंगपुई एयरपोर्ट के रनवे पर फिसल गया। इसमें क्रू मेंबर्स सहित 14 लोग सवार थे। हादसे में 8 लोगों के घायल होने की सूचना है। छह लोग सुरक्षित हैं। मिजोरम के DGP अनिल शुक्ला ने बताया कि छोटे साइज का एयरक्राफ्ट शानक्सी Y-8 म्यांमार से भागकर भारत आए सैनिकों को वापस लेने आया था। सुबह 10:20 बजे लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसलकर जंगल में गिर गया।

हादसे के बाद विमान दो हिस्सों में बंट गया। घायलों को लेंगपुई अस्पताल ले जाया गया है। सबकी हालत स्थिर हैं। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एसोसिएशन (DGCA) ने हादसे को लेकर जांच के आदेश दिए हैं।

लेंगपुई आने वाली सभी फ्लाइट्स डायवर्ट कर दी गई हैं। लेंगपुई एयरपोर्ट का रनवे एक टेबल टॉप रनवे है, जो पहाड़ के ऊपर पर बना है। यहां पर आम रनवे के मुकाबले टेक ऑफ और लैंडिंग करना थोड़ा मुश्किल होता है।

#### 17 जनवरी को म्यांमार से भागकर आए थे 276 सैनिक

मिजोरम पुलिस के मुताबिक, विद्रोहियों के हमले से बचने के लिए 17 जनवरी को म्यांमार के 276 सैनिक राज्य के लॉन्टलाई जिले के बॉन्डुकबंगसोरा गांव में घुसे थे। इनमें एक कर्नल सहित 36 अधिकारी और 240 लोअर रैंक के सैनिक हैं।

उन्होंने असम राइफल्स से शरण मांगी थी। इनमें से 184 सैनिकों को सोमवार को म्यांमार वापस भेजा गया था। 92 सैनिकों को आज भेजा जाना था।

### बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा भारतरत्न

**नई दिल्ली.** इस बार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया जाएगा। 24 जनवरी को उनकी जन्मशताब्दी की पूर्व संध्या पर यह बड़ा ऐलान किया गया है। बता दें कि कर्पूरी ठाकुर को पिछड़ों का मसीहा कहा जाता है। उनकी जन्मशताब्दी के मौके पर दिल्ली के विज्ञान भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बिहार के समस्तीपुर में जन्मे कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। हालांकि वह कभी अपना कार्यकाल नहीं पूरा कर पाए। उन्हें पिछड़ें वर्गों के लिए आरक्षण का रास्ता साफ करने के लिए जाना जाता है। उन्होने मुंगेरी लाल आयोग की सिफारिशों को लागू करवाया था। इसके लिए उनको अपनी सरकार की भी कुर्बानी देनी पड़ गई। इसके अलावा उन्होंने बिहार की शिक्षा व्यवस्था में भी कई अमूलचूल परिवर्तन किए थे। उपमुख्यमंत्री रहने के दौरान उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में अंग्रेजी पास करने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया था।

## सीएम हेमंत सोरेन को ED ने फिर भेजा समन

- 27-31 जनवरी के बीच पेश होने को कहा

**रांची.** 20 जनवरी को सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ के बाद ईडी एक बार फिर पूछताछ करेगी। ईडी की ओर से एक पत्र सीएम को भेजा गया है। इसमें ईडी ने 27 से 31 जनवरी के बीच समय और स्थान बताने को कहा है। सीएम से जमीन घोटाला मामले में ही पूछताछ होनी है। इससे पहले सीएम हेमंत सोरेन से 20 जनवरी को पूछताछ हो चुकी है। इस दिन ईडी के अधिकारियों ने उनसे साढ़े सात घंटे पूछताछ की थी। हालांकि पूछताछ के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने यह बात कही थी मैंने सभी सवालों के जवाब दिए हैं। आगे भी अगर ईडी पूछताछ करना चाहती है, तो वे जवाब देने को तैयार हैं 20 जनवरी को पूछताछ के दौरान ईडी के अधिकारियों ने उनसे उनकी आमदनी के स्रोत के अतिरिक्त आयकर रिटर्न में दिए गए ब्योरे से संबंधित सवाल किए थे। यह पूछताछ मुख्यतः डीएवी बरियातू के पीछे स्थित 8.46 एकड़ जमीन से जुड़ी हुई थी।

## ममता बोलीं- बेइज्जती के बाद भी I.N.D.I.A मीटिंग में गई

- लेफ्ट गठबंधन के एजेंडे को कंट्रोल करे यह मंजूर नहीं
- कांग्रेस 300 सीटों पर लड़े

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (TMC) सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा है कि लेफ्ट पार्टियां I.N.D.I.A के एजेंडे को कंट्रोल करने की कोशिश कर रही हैं। मैं यह स्वीकार नहीं करूंगी। ममता सोमवार को कोलकाता में आयोजित सर्वधर्म सद्भाव रैली में बोल रही थीं।



ममता ने कहा, 'मैं उन लोगों से सहमत नहीं हो सकती, जिनके साथ मैंने 34 साल तक संघर्ष किया है। इतने अपमान के बावजूद मैंने I.N.D.I.A की मीटिंग में हिस्सा लिया।'

I.N.D.I.A गठबंधन में सीटों पर चल रही खींचतान के बीच ममता ने ये भी कहा कि कांग्रेस पार्टी कुछ खास इलाकों को क्षेत्रीय पार्टियों के लिए छोड़ देना चाहिए। कांग्रेस चाहे तो 300 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ ले। मैं उनकी मदद करूंगी। हम उन सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन, वो जो खुद चाहते हैं उस पर अड़े हुए हैं।

#### कांग्रेस का नाम लिए बिना ममता ने साधा निशाना

ममता ने कहा है कि TMC के पास BJP से चुनाव में मुकाबला करने की ताकत भी है और जनाधार भी है। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा, लेकिन कुछ लोग सीट शेयरिंग पर हमारी बात सुनना नहीं चाहते हैं। अगर आप (कांग्रेस) BJP से नहीं लड़ना चाहते हैं, तो मत लड़ो। कम से कम हमें (TMC) को सीट दे दो।

### तनाव के बीच मालदीव ने चली नई चाल!

**नई दिल्ली.** भारत से राजनयिक विवाद के बीच मालदीव ने एक बार फिर पीठ पर छुरा घोंपने वाला काम किया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अपना परम मित्र बताने वाले मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के खिलाफ नई साजिश रची है। उन्होंने चीन के जासूसी जहाज को अपने क्षेत्र में घुसने की इजाजत दे दी।

भारत से तनावपूर्ण संबंधों के बीच मालदीव ने चीनी जहाज के माले आने की पुष्टि करते हुए कहा कि मित्र राष्ट्रों के जहाजों का स्वागत है। चीनी जहाज के कुछ हफ्तों में मालदीव पहुंचने की संभावना है। इसने भारत की चिंता बढ़ा दी है भारत की चिंता इसलिए भी गंभीर है क्योंकि पिछले साल चीन ने अपने जासूसी जहाज को श्रीलंकाई धरती पर उतारा था, तब भी काफी बवाल हुआ था।

## रोहित बने ICC वनडे टीम ऑफ द ईयर-2023 के कप्तान

- विराट-शमी समेत 6 भारतीय को जगह



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने 2023 की वनडे टीम ऑफ द ईयर घोषित कर दी है। भारत को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को ही टीम का कप्तान बनाया गया। भारत के कुल 6 प्लेयर्स को जगह मिली, वहीं वर्ल्ड कप विजेता ऑस्ट्रेलिया से ट्रैविस हेड और एडम जम्पा को शामिल किया।

टीम इंडिया के विराट कोहली, शुभमन गिल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने भी टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाई।

#### साउथ अफ्रीका से 2, न्यूजीलैंड से एक खिलाड़ी

2023 की टीम ऑफ द ईयर में 4 देशों के 11 प्लेयर्स चुने गए। इनमें भारत के 6, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के 2-2 और न्यूजीलैंड का एक खिलाड़ी शामिल हैं। साउथ अफ्रीका से विकेटकीपर हेनरिक क्लासन और ऑलराउंडर मार्को यानसन को जगह दी गई। वहीं न्यूजीलैंड से डेरिल मिचेल जगह बनाने में कामयाब रहे।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने 2023 में 52 की औसत से कुल 1255 रन बनाए। वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ एक सेंचुरी लगाकर कुल 597 रन बनाए। वह टूर्नामेंट के सेकेंड टॉप स्कोरर रहे थे। उनकी कप्तानी टीम वर्ल्ड कप में रनर-अप रही।

टीम इंडिया के युवा ओपनर शुभमन गिल ने 2023 में सबसे ज्यादा वनडे रन बनाए। साल की शुरुआत में ही उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगा दिया था। उन्होंने 29 वनडे में कुल 1584 रन बनाए, इनमें 5 सेंचुरी शामिल रहीं।

रोहित शर्मा (बाएं) और शुभमन गिल (दाएं) ने वनडे टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाई। शुभमन ने 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाए। रोहित शर्मा (बाएं) और शुभमन गिल (दाएं) ने वनडे टीम ऑफ द ईयर में जगह बनाई। शुभमन ने 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाए। वनडे वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट विराट कोहली ने 2023 में शुभमन से भी ज्यादा 6 सेंचुरी लगाई। उन्होंने 27 मैचों में कुल 1377 रन बनाए, जिनमें से 765 वर्ल्ड कप में आए।

## आयुष्मान योजना का प्रीमियम 10 लाख रुपए करने की तैयारी

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना (पीएम जन आरोग्य योजना, पीएम-जय) के तहत 5 लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलता है। अब इस राशि को 10 लाख रुपए किए जाने पर काम चल रहा है। केंद्र के इस फैसले ने राज्य सरकारों की टेंशन बढ़ा दी है।

असल में योजना पर 60 से 70 फीसदी खर्च राज्य सरकारों को ही करना पड़ रहा है। इससे राज्यों




के खजाने पर बोझ बढ़ता जा रहा है। इसके चलते कई राज्य इस योजना को तेजी से आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। अब कुछ राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखकर कहा कि योजना के तहत खर्च होने वाली राशि का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार उठाए।

## दिल्ली में कलर ब्लाइंड शख्स बस ड्राइवर बना : 3 साल गाड़ी चलाई

**DTC में ऐसी 100 से ज्यादा नियुक्तियां हुईं, HC ने मांगा जवाब**

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाई कोर्ट ने कलर ब्लाइंड शख्स को बस ड्राइवर नियुक्त करने के मामले में दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (DTC) से जवाब मांगा है। कलर ब्लाइंड शख्स को 2008 में नियुक्त किया गया था। 2011 तक उसने दिल्ली की सड़कों पर बस चलाई। जनवरी 2011 में एक सड़क हादसे के बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था।

DTC ने कोर्ट को बताया कि 2008 में कलर ब्लाइंडनेस से पीड़ित 100 से अधिक लोगों को नियुक्त किया गया था। मामला सामने आने के बाद 2013 में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया। जांच में पता चला कि सभी लोगों को गुरु नानक हॉस्पिटल से मेडिकल सर्टिफिकेट इश्यू किया गया था।



#### DTC की लापरवाही बहुत निराशाजनक

जस्टिस चंद्र धारी सिंह ने कहा- DTC को ड्राइवर की ओर से पेश मेडिकल सर्टिफिकेट पर भरोसा नहीं करना चाहिए था। यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि इसमें सार्वजनिक सुरक्षा शामिल है। DTC की तरफ से ऐसी लापरवाही देखना बहुत निराशाजनक है।

कोर्ट ने कहा- DTC को ध्यान देना चाहिए था कि जिन ड्राइवरों को नियक्त किया जा रहा है, वे सभी पहलुओं में फिट हैं या नहीं। हम जानना चाहते हैं कि DTC ने सार्वजनिक सुरक्षा पर विचार किए बिना ड्राइवरों को क्यों और किन परिस्थितियों में नियुक्त किया था।

DTC की नींद साल 2013 में खुली और उसने मेडिकल बोर्ड का गठन किया। कोर्ट ने इस मामले में DTC चीफ को एक पर्सनल एफिडेविट दायर करने को कहा गया है। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी भी मांगी गई है।

उल्हासनगर महानगरपालिका

**जाहिर आवाहन**

महाराष्ट्र शासनाने महाराष्ट्र राज्य मागासवर्ग आयोगाकडे मराठा समाजाचे मागासलेपणा तपासण्याचे काम सोपविले आहे. त्यानुसार राज्यातील सर्व ग्रामीण व शहरी भागातील मराठा समाज व खुल्या प्रवर्गातील नागरिकांचे सर्वेक्षण करण्याचे महाराष्ट्र राज्य मागासवर्ग आयोग, पुणे यांचे निर्देश प्राप्त झालेले आहेत.

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रातील मराठा समाज व खुल्या प्रवर्गातील नागरिकांचे सर्वेक्षण करण्याकरीता प्रभाग निहाय अधिकारी / कर्मचारी यांची नियुक्ती करण्यात आलेली आहे. सदरचे सर्वेक्षण दिनांक 1 जानेवारी, 2024 पर्यत पूर्ण करणे आवश्यक आहे.

तरी, शहरातील सर्व नागरीकांनी त्यांचे निवासस्थानी थांबून सर्वेक्षणासाठी सहकार्य करावे. तसेच, महानगरपालिकेमार्फत नियुक्त केलेल्या प्रगणक, पर्यवेक्षक तथा नोडल अधिकारी यांना शासनाच्या निर्देशानुसार विचारणा केलेली माहिती देण्याचे आवाहन करण्यात येत आहे.

सही/-
(अशोक नाईकवाडे)
उप- आयुक्त (मुख्यालय)
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र. उमपा/पिआरओ/53/24
दिनांक 22/1/2024

उल्हास विकास



## संक्षेप...

### नकदी तथा जेवरात की चोरी

**भिवंडी.** पुलिस की लाख कोशिशें के बावजूद चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग रहा है. निजामपुर पुलिस स्टेशन अंतर्गत एवर साइन अपार्टमेंट आरिफ गार्डन के बगल रहने वाले व्यक्ति के यहां से बेडरूम का लॉक तोड़कर अज्ञात चोर अलमारी में रखा हुआ नकदी एवं सोने के जेवरात कुल मिलाकर 1लाख 6 हजार का माल चोरी कर रफूचक्कर हो गया. शिकायत के बाद पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर तहकीकात कर रही है.

मिली जानकारी के अनुसार आरिफ गार्डन के बगल स्थित साइन अपार्टमेंट निवासी मो. साकिब मो.सुलेमान माली काम के सिलसिले में परिवार सहित औरंगाबाद गए थे.अज्ञात चोर ने बंद घर का फायदा उठाकर पीछे की खिड़की से बेडरूम में घुस गया और अलमारी में रखा हुआ 1लाख 06 हजार कीमत के जेवरात सहित नकदी लेकर रफू चक्कर हो गया.जानकारी के बाद मो.साकिब द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है.

# कल्याण-डोंबिवली में जगह-जगह रामलला की महाआरती व पूजापाठ

■ पिसवली में छात्रों ने निकाली रैली

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जहां दर्शन के लिए मंदिरों में भारी भीड़ लगी थी, वहीं शहर के विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों द्वारा पूजा-पाठ कर जुलूस निकाला गया। कल्याण पूर्व में तृतीय पंथियों ने भगवा वस्त्र धारण कर ढ़ोल-नगाड़ो के साथ नाचते-गाते हुए जुलूस निकाला और चक्कीनाका स्थित राम मंदिर की झांकी में दर्शन के बाद यात्रा का समापन किया। इसी तरह कल्याण पूर्व के कालातालाव में वीर कोतवाल चौक पर मनसे के कल्याण जिलाध्यक्ष प्रकाश भोईर की अगुवाई में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने रामलला की आरती कर पूजापाठ की और प्रसाद वितरण किया।



### शिव मंदिर में सुंदरकांड का पाठ–

पुष्पराज होटल के पास शिवमंदिर में विजय नारायण पंडित की अगुवाई में ओम शिवम सत्संग ट्रस्ट द्वारा सुंदरकांड का पाठ कर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बाबा पंडित सहित तमाम भक्तगण मौजूद थे। उसी तरह झुंझाराव मार्केट में कल्याण होलसेल मर्चेंट एसोसिएशन से जुड़े व्यापारियों ने मार्केट से नाचते-गाते हुए जुलूस निकाला और लोगों को जूस-शरबत वितरित की। 'कल्याण महानगर व्यापारी फेडरेशन' द्वारा पुष्पराज होटल के पास शिवमंदिर से जय श्रीराम के नारों के साथ परिक्रमा किया और वापस आकर शिवमंदिर में महाआरती कर समारोह का समापन किया।



### पिसवली में स्कूली छात्रों ने निकाली रैली–

इसी तरह पिसवली में समाज उद्धार समिति द्वारा संचालित जीआरसी हिंदी हाईस्कूल, ओम साईं इंग्लिश स्कूल एवं हिंदी बाल निकेतन विद्यालय के छात्रों ने रैली निकाली। जिसमें संस्थापक बबन चौबे, जीआरसी की मुख्याध्यापिका पुष्पा शुक्ला और सचिव डॉ.जेपी शुक्ला ने बच्चों के साथ भगवान राम की प्रतिमा लेकर पिसवली गांव का भ्रमण किया।

### डोंबिवली में शिवसैनिकों ने की महाआरती–

डोंबिवली में शिवसेना (शिंदे) के शहर प्रमुख राजेश मोरे की अगुवाई में शिवसैनिकों ने राम मारुति मंदिर में पूजा-अर्चना के उपरांत महाआरती की। इस मौके पर उपजिला प्रमुख राजेश कदम, सागर जेधे, संतोष चव्हाण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। यहां प्रभु श्रीराम की जयकारों एवं शंखनाद से पूरा परिसर राममय वातावरण में तब्दील हो गया।

**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों**

# 'कौथिग 2024' का उद्घाटन आज

■ पहाड़ी उत्पादों और खानपान से सजा नेरूल का रामलीला मैदान

मोहनसिंह धामी

**मुंबई.** उत्तराखण्डी समाज के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन मुंबई कौथिग का उद्घाटन आज 24 जनवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों रामलीला मैदान, नेरुल नवी मुंबई में होगा। देवभूमि स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश राणा की अध्यक्षता में आयोजित मुंबई कौथिग के उद्घाटन समारोह में उत्तराखंड और महाराष्ट्र की राजनीतिक, सामाजिक और सिने जगत की कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी।

मुंबई कौथिग के मुख्य संयोजक मनोज भट्ट ने बताया कि कौथिग की शुरुआत मां नंदा देवी की राजजात यात्रा की शोभायात्रा से होगी। यह शोभायात्रा नेरुल के गांवदेवी मंदिर से शाम 4 बजे से शुरू होगी और मां नंदा के जयकारों के साथ कौथिग प्रांगण तक पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में उत्तराखंडी पारंपरिक परिधान में महिलाएं बड़ी संख्या में शिरकत करेंगी और उत्तराखंड के मशहूर छलिया कलाकार रंगारंग नृत्य प्रस्तुत करेंगे। मुंबई कौथिग का पांच दिवसीय आयोजन 28 जनवरी 2024 तक शाम 4 बजे से 10 बजे रात तक होगा, जिसमें कौथिग के सांस्कृतिक निर्देशक ज्योति राठौर और सुरेश काला के निर्देशन में उत्तराखंड के कई जाने माने लोक कलाकार और संस्कृति विभाग उत्तराखंड सरकार के सांस्कृतिक दल लोक गीत व नृत्य की प्रस्तुति देंगे। कौथिग-2024 में नेरूल के रामलीला मैदान मे गढ़-कुमाऊं की गौरवशाली विविध लोक संस्कृति के रंगों के साथ-साथ उत्तराखंड की हस्तशिल्प, बागवानी, श्री अन्न कृषि उत्पाद, फलोत्पादन, रेशम विकास, कृषि विपणन, जैव प्रौद्योगिकी एवं जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध लेखक एवं निर्देशक भरत कुकरेती कौथिग-2024 के ब्रांड एम्बेसडर हैं। कौथिग के संरक्षक गिरवीर नेगी, नरेंद्र जोशी, समाजसेवी माधवानंद भट्ट, कौथिग फाउंडेशन के अध्यक्ष हीरा सिंह भाकुनी, कौथिग फाउंडेशन के कार्याध्यक्ष सुशील कुमार जोशी, महिपाल नेगी, प्रयाग रावत, चामू सिंह राणा, लक्ष्मण ठाकुर, बलबीर सिंह रावत, दिनेश बिष्ट, प्रवीण ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी टीम कौथिग जुटी हुई है।




# खेमानी परिसर में 1008 श्री राम दीप ज्योति उत्सव संपन्न

■ महायज्ञ महाआरती में सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा





**उल्हासनगर.** 22 जनवरी को अयोध्या में 500 वर्षों के संघर्ष के बाद श्री राम मंदिर में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई इसी के उपलक्ष में सोमवार के दिन शाम को उल्हासनगर कैंप नंबर दो खेमानी परिसर रूहानी सत्संग आश्रम के सामने में श्री राम दीप ज्योति उत्सव का आयोजन किया गया यहां पर 1008 दिए जलाकर लोगों ने भगवान श्री राम के सामने अपनी अपनी खुशियां मनाई यहां पर महायज्ञ का भी आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय सैकड़ो लोगों ने भाग लिया और उसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें कई लोग शामिल हुए उसके बाद महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण करके अपना जीवन धन्य किया वहां पर आए सभी लोगों का स्वागत महेश सुखरामनी ने स्वयं किया और जय श्री राम के जय घोष से पूरा वातावरण श्री राम मय हो गया यह कार्यक्रम महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामणी द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर भगवान श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किया

# कार ने रिक्शा को मारी टक्कर

**रिक्शा चालक की मौत, 2 यात्री घायल**

**नवी मुंबई.** पनवेल स्थित एयरपोर्ट नाका से यात्रियों को लेकर बेलापुर की ओर जा रहे एक रिक्शा को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी. इस भीषण हादसे में रिक्शा चालक की मौत हुई, वहीं रिक्शा में सवार 2 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए. पनवेल शहर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त हादसे में पनवेल के वाघिवली में रहने वाले विजय पाटिल नामक रिक्शा चालक की मौत हुई, जबकि रिक्शा में सवार अरुण अकलू कुमार (20) और बुबरुवहन तारापोदो कुमार नामक यात्री घायल हुए, जिन्हें उरण-नाका के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस के मुताबिक विजय पाटिल एयरपोर्ट नाका से 2 यात्रियों को अपने रिक्शा में बैठा के बेलापुर ले जा रहा था, जैसे ही विजय का रिक्शा एयरपोर्ट रोड पर गॅबिनवॉल के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक कार ने उसके रिक्शा को टक्कर मार दी.

**श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा समारोह के मौके पर**

# कल्याण चैरिटी ट्रस्ट की ओर से विभिन्न कार्यक्रम संपन्न



**उल्हासनगर.** कल्याण चैरिटी ट्रस्ट की ओर से अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर शहाड के रामलीला मैदान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह श्रीराम पूजन, महाआरती, भजन, महाप्रसाद का आयोजन हुआ। साथ ही शहाड बिड़ला विट्ठल मंदिर में भी विभिन्न कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए। इस मौके पर विट्ठल मंदिर को रोशनी से सजाया गया. कार्यक्रम में विभाग के नागरिकों सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया. रामनाम जाप से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया.

# SST कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा मंदिर स्वच्छता मिशन

**उल्हासनगर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के मुताबिक देशभर में रामलल्ला की प्राणप्रतिष्ठा के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। तदनुसार, एसएसटी कॉलेज, उल्हासनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग ने जीवन फाउंडेशन, आरोग्य योग और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र और वेव्ह एक्शन ट्रस्ट के सहयोग से, दत्तक ग्राम मानेरे में विठ्ठल रुक्मई मंदिर, म्हसोबा मंदिर, कृष्णा नगर उल्हासनगर 4 में गणपति मंदिर, गावदेवी मंदिर आशेले गांव में, सर्वानंदाश्रम में मंदिर और उसके आसपास एक सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही कॉलेज परिसर में रंगोली के माध्यम से भगवान रामचन्द्र का भव्य स्वरूप बनाया गया। कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने इस गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न मंदिरों और उनके आसपास के क्षेत्रों की सफाई की।



साथ ही क्षेत्र के नागरिकों को भी इस अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया और उनकी भागीदारी ली। साथ ही कॉलेज परिसर में भगवान श्रीरामचंद्र की भव्य रंगोली बनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।यह गतिविधि कॉलेज के प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी, आय क्यू ए सी समन्वयक डॉ.खुशबू पुरस्वानी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक एवं उप प्राचार्य प्रो. जीवन विचारे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. योगेश पाटिल, प्रो. मयूर माथुर ने स्वयंसेवकों के साथ सफल बनाया।

# SST कॉलेज के विद्यार्थियों ने बनाई 75 फीट की रंगोली



**उल्हासनगर.** एसएसटी कॉलेज, उल्हासनगर चार के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को मनाने के लिए कॉलेज परिसर में राम मंदिर और श्री प्रभु रामचंद्र की 75 फुट की रंगोली बनाई।

इसके साथ ही शाम को कॉलेज परिसर में 151 से अधिक दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया गया।इससे पहले इन स्वयंसेवकों ने मानेरे गांव, आशेले गांव के विभिन्न मंदिरों और आश्रमों की सफाई की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक एवं उप प्राचार्य प्रो. जीवन विचारे, उप प्राचार्य डॉ. दीपक गवादे इन के साथ प्रो. सुवर्णा निकम, प्रो. शिल्पा जलकोटे, प्रो. राहुल अकुल एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे। इस समय सभी ने श्री राम के नाम का जयघोष किया।

### 7 दिनों में 38 गंजेड़ियों पर कार्रवाई

**भिवंडी.** भिवंडी शहर एवं ग्रामीण परिसर की झोपड़पट्टी में भारी पैमाने पर गांजा और अन्य नशीली पदार्थ की बिक्री जोरो से हो रही है. भिवंडी पुलिस द्वारा मादक पदार्थ सेवन एवम विक्री में लिप्त अराजक तत्वों के खिलाफ ऑल आउट ऑपरेशन चलाया जा रहा है. विगत 1 सप्ताह में पुलिस द्वारा कड़ाई से चलाए गए ऑल आउट ऑपरेशन में विभिन्न पुलिस स्टेशनों की सीमा में 38 नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई अंजाम दी गई है. नारपोली पुलिस स्टेशन द्वारा 15, निजामपुर पुलिस स्टेशन द्वारा 8, भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन अंतर्गत 7, शांति नगर पुलिस स्टेशन में 3 मिलाकर कुल 38 लोगों को चिलम, सिगरेट व गांजा भरकर पीते हुए दबोचा गया है. शहर के जागरूक नागरिकों ने गांजा व ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग पुलिस उपयुक्त नवनाथ ढवले से की है.

## आम सूचना

मैं श्रीमती निलू सतीश सुखरामानी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 17, 2रा माला, अमन को-आप.हाउ. सोसायटी, प्लाट नं. 685, अमन टॉकीज के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 11बीआय015125600) श्री मोहन हरिराम बच्छानी ने यह फ्लैट श्री अमर हुंदराज भाटिया से दि. 31.3.2000 को खरीदा है और अमर हुंदराज ने श्री उद्धव लुनीदाराम बठीजा से दि.06.12.1985 को सेल एग्रीमेंट से खरीदा है। मैंने श्री मोहन हरिराम बच्छानी से सेल एग्रीमेंट दि. 29.12.2005 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती निलू सतीश सुखरामानी**

# बॉयफ्रेंड संग लीक हुईं अनन्या पांडे की तस्वीरें

**बॉ**लीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती रही हैं। उनकी लव लाइफ को लेकर अटकलें सामने आती रहती हैं। हालांकि, वह अपनी प्रोफेशनल लाइफ में नकारात्मक पक्ष से निपटने में सफल रही हैं। दरअसल, पिछले साल वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड आदित्य रॉय कपूर के साथ छुट्टियां बिताने के लिए गई थीं। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। अन्नया इसे लेकर हाल ही में बात की है।

अनन्या पांडे ने एक बातचीत में खुलासा किया कि जब उनकी तस्वीरें, जो पब्लिक में शेयर करने के लिए नहीं होती हैं, वह सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं, तो इससे उन पर कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह सकती कि ये मुझे परेशान करता है। एक्टर के रूप में, हमने खुद इसके लिए साइन अप किया है। यह होने जा रहा है और लोग इसके लिए उत्सुक होंगे।'

उन्होंने आगे कहा, 'यह हम पर निर्भर करता है कि हम जितना संभव हो सके, जो महत्वपूर्ण है, उसकी रक्षा करने के लिए रेखा खींचें और मैं यही करने की कोशिश करती हूं। मैं इसे लेकर परेशान नहीं हो सकती, क्योंकि यह मेरे काम का हिस्सा है। मैं केवल वही नियंत्रित कर सकती हूं, जो मेरे पावर में है।'



### बिजली चोरी उजागर

**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस स्टेशन अंतर्गत सलाउद्दीन स्कूल के सामने जोहरा अपार्टमेंट गैबीनगर निवासी मतीन अंसारी एवं नसरुद्दीन शेख टोरेंट पावर की डीपी बॉक्स से अवैध रूप से केवल जोड़कर चोरी से बिजली का उपयोग कर रहे थे.टोरेंट पावर सतर्कता अधिकारी कृष्णचंद वैश्य को जांच के दौरान बिजली चोरी का खुलासा होने पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है.

# नेताजी व बालासाहेब ठाकरे का अभिवादन

**भिवंडी.** शासन के निर्देशानुसार नेताजी सुभाषचंद्र बोस व बालासाहेब ठाकरे के जयंती निमित्त मनपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मनपा आयुक्त अजय वैद्य द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस व बालासाहेब ठाकरे की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पण कर अभिवादन किया गया.उक्त अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके,अतिरिक्त आयुक्त संजय हिरवाडे, उपायुक्त मुख्यालय दीपक झिंजाड,समाज कल्याण विभाग प्रभारी उपायुक्त प्रणाली घोंगे, प्रभारी शहर अभियंता सुरेश भट, प्रभारी जलापूर्ति कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर,प्रभारी विद्युत अभियंता सुनील पाटील, सहायक आयुक्त (चुनाव) नितीन पाटील,जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी वर्ग भारी संख्या में उपस्थित थे.




### रिक्शा चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर

**उल्हासनगर.** सोमवार को कैंप एक स्थित ट्रैफिक पुलिस कार्यालय पर ऑटो रिक्शा चालकों व ट्रैफिक पुलिस के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे तमाम लोगों ने उपस्थित होकर आंखों की जांच कराई। खडकपाड़ा के एजी अस्पताल द्वारा आए हुए डॉक्टरों द्वारा यह परीक्षण किया गया जिसके बाद उन्हें नंबर दिए गए।

## आम सूचना

मैं श्रीमती कमल किशन लबडे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, एमआयडीसी पानी टंकी के पास, कमला नेहरू नगर, धोबीघाट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 04एओ014221500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सलमा अबु शेख के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.1.2024 सी.नं. 350/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती कमल किशन लबडे**

## पब्लिक नोटीस

एतद्वारासूचना दी जाती है कि मेरे मुवक्किल श्री. अंकुर अजय सिंग यह निम्नलिखित संपति मालिक सुमन हृदय रॉय नीचे लिखित अनुसूची में वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण / खरीद करना चाहते हैं

इसलिये नीचे लिखित अनुसूची में वर्णित संपत्ति के बिक्री, हस्तांतरण, विनिमय, पट्टा, उप-पट्टा, समनुदेशन, गिरवी के माध्यम से और या उसके किसी भाग के संबंध में कोई अधिकार, शीर्षक, लाभ, ब्याज, शेयर, दावा या मांग रखने वाले सभी व्यक्ति प्रभार ग्रहणाधिकार, विरासत, वसीयत, उत्तराधिकार, उपहार, रखरखाव, सुखभोग, ट्रस्ट, किरायेदारी, उप-किरायेदारी, छुट्टी और लाइसेंस, देखभाल करने वाला आधार, व्यवसाय, कब्जा, पारिवारिक व्यवस्था/निपटान किसी भी न्यायालय का आदेश या आदेश अनुबंधों/समझौतों, या अन्यथा जो भी हो, के लिए दस्तावेजी साक्ष्य के साथ लिखित रूप में इसकी जानकारी अधोहस्ताक्षरी को इसकी तारीख से 7 दिनों के भीतर देनी होती है, ऐसा न करने पर ऐसे दावे, यदि कोई हों, को माफ कर दिया गया माना जाएगा.

### संपत्ति की अनुसूची

| अ.कं. | गावाचे नाव | सर्व्हे नं./ हिस्सा नं. | क्षेत्र हे.आर.प्रती. | आकार रु.पै. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मौजे गोळवली ता. कल्याण, जि. ठाणे | 61/8/न | 1-57-47 | 0.20 |
| बिकी क्षेत्रफळ 80 गुंठे | | | | |

**श्री. अंकुर अजय सिंग**
पत्ता- श्रीराम अपार्टमेंट, रुम नं 201,
पुना लिंक रोड, चक्कीनाका,
काटेमानिवली कल्याण पुर्व, जि. ठाणे

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099